# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** लेंसों के लिए चिह्न परिपाटी में, सभी दूरियां _____________ से मापी जाती हैं।

**Ans**
- ✗ A. केवल मुख्य अक्ष
- ✗ B. लेंस के फोकस
- ✓ C. लेंस के प्रकाशिक केंद्र
- ✗ D. लेंस के ध्रुव

**Q.2** परमाणु संख्या को परमाणु के नाभिक में उपस्थित __________ की कुल संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**Ans**
- ✗ A. प्रोटॉन और न्यूट्रॉन
- ✓ B. केवल प्रोटॉन
- ✗ C. केवल न्यूट्रॉन
- ✗ D. न्यूट्रॉन और आधे प्रोटॉन

**Q.3** उस स्थान का नाम क्या है जहाँ व्यावसायिक शहद उत्पादन के लिए मधुमक्खियों को रखा जाता है?

**Ans**
- ✗ A. एवियरी (Aviary)
- ✗ B. एक्वेरियम (Aquarium)
- ✗ C. सैंक्चुअरी (Sanctuary)
- ✓ D. एपिअरी (Apiary)

**Q.4** 1.5 C का आवेश विभवांतर से होकर गुजरता है। यदि किया गया कार्य 30 J है, तो दोनों बिंदुओं के बीच विभवांतर कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 45 V
- ✗ B. 30 V
- ✓ C. 20 V
- ✗ D. 25 V

**Q.5** पादपों में लैंगिक जनन हेतु क्या आवश्यकता होती है?

**Ans**
- ✗ A. पुष्पों की वृद्धि न होने देना
- ✓ B. बेहतर अनुकूलन के लिए आनुवंशिक विभेद को बढ़ाना
- ✗ C. समरूप एकपुंजक बनाना
- ✗ D. परागण की आवश्यकता को समाप्त करना

| | | |
|---|---|---|
| **Q.6** | **हवा में ध्वनि तरंगें अनुदैर्घ्य होती हैं क्योंकि................।** | |
| **Ans** | ✗ A. कण संचरण की दिशा के लंबवत गति करते हैं<br>✗ B. वायु के अणु कंपन नहीं करते<br>✓ C. कण संचरण की दिशा में गति करते हैं<br>✗ D. कण अनियमित रूप से गति करते हैं | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.7** | **अभिक्रियाशीलता श्रृंखला, जिसे सक्रियता श्रृंखला के रूप में भी जाना जाता है, धातुओं की एक सूची है जो उनकी _________ के क्रम में व्यवस्थित होती है।** | |
| **Ans** | ✗ A. बढ़ती अभिक्रियाशीलता<br>✓ B. घटती अभिक्रियाशीलता<br>✗ C. पहले बढ़ती अभिक्रियाशीलता, फिर घटती अभिक्रियाशीलता<br>✗ D. पहले घटती अभिक्रियाशीलता, फिर बढ़ती अभिक्रियाशीलता | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.8** | **निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक असंतृप्त है?** | |
| **Ans** | ✗ A. ब्यूटेन<br>✗ B. मेथेन<br>✓ C. प्रोपीन<br>✗ D. प्रोपेन | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.9** | **कार्बन-13 समस्थानिक का परमाण्विक द्रव्यमान कितना है?** | |
| **Ans** | ✗ A. 14 amu<br>✗ B. 12 amu<br>✓ C. 13 amu<br>✗ D. 11 amu | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.10** | **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प जंतुओं में अनॉक्सी श्वसन के अंतिम उत्पाद को निरूपित करता है?** | |
| **Ans** | ✗ A. ऑक्सीजन<br>✓ B. लैक्टिक अम्ल<br>✗ C. कार्बन मोनोऑक्साइड<br>✗ D. ग्लूकोज़ | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.11** | **निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यावरणीय संकेत कुछ सरीसृपों में निषेचित अंडे के लिंग का निर्धारण करता है?** | |
| **Ans** | ✓ A. तापमान<br>✗ B. स्पर्श<br>✗ C. जल<br>✗ D. वायु वेग | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.12** | **तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करने पर निम्नलिखित में से कौन-सी गैस निकलती है?** | |
| **Ans** | ✗ A. ऑक्सीजन<br>✗ B. नाइट्रोजन<br>✓ C. कार्बन डाइऑक्साइड<br>✗ D. हाइड्रोजन | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.13** | **यदि कोई पिंड किसी ऊंचाई से स्वतंत्र रूप से गिरता है, तो उसकी स्थितिज ऊर्जा __________ में परिवर्तित हो जाती है।** | |
| **Ans** | ✗ A. तापीय ऊर्जा<br>✗ B. ध्वनि ऊर्जा<br>✗ C. रासायनिक ऊर्जा<br>✓ D. गतिज ऊर्जा | |

**Q.14** द्रव्यमान संरक्षण का नियम क्या वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. रासायनिक अभिक्रिया में दाब को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है
- ✓ B. रासायनिक अभिक्रिया में द्रव्यमान को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है
- ✗ C. रासायनिक अभिक्रिया में आयतन को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है
- ✗ D. रासायनिक अभिक्रिया में तापमान को न तो निर्मित किया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है

**Q.15** धारावाही वृत्ताकार लूप के केंद्र पर चुंबकीय क्षेत्र _______________ के अनुक्रमानुपाती होता है।

**Ans**
- ✓ A. लूप से प्रवाहित धारा
- ✗ B. लूप से प्रवाहित धारा के व्युत्क्रम
- ✗ C. लूप से प्रवाहित धारा के वर्ग
- ✗ D. वृत्ताकार लूप की त्रिज्या के वर्ग

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक, जीवन की क्रियाकलापों के लिए आवश्यक एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (Adenosine Tri Phosphate - ATP) अणु का मोचन करता है?

**Ans**
- ✗ A. लयनकाय (Lysosomes)
- ✗ B. रसधानी (Vacuoles)
- ✓ C. सूत्रकणिका (Mitochondria)
- ✗ D. गॉल्जी उपकरण (Golgi apparatus)

**Q.17** यदि किसी सतह पर लगने वाला प्रणोद स्थिर है लेकिन संपर्क क्षेत्र घटता है, तो दाब ................।

**Ans**
- ✗ A. घटता है
- ✗ B. वही रहता है
- ✓ C. बढ़ता है
- ✗ D. शून्य हो जाता है

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सी लोकप्रिय समुद्री मछली की किस्म भारत में पाई जाती है?

**Ans**
- ✗ A. रोहू (Rohu)
- ✓ B. पॉम्फ्रेट (Pomfret)
- ✗ C. मृगल (Mrigal)
- ✗ D. कतला (Catla)

**Q.19** संयोजी ऊतक में कोशिकाओं की एक-दूसरे के सापेक्ष संबन्धित स्थिति क्या होती है?

**Ans**
- ✗ A. ढीला बंधा हुआ (Loosely packed)
- ✓ B. एक दूसरे से बहुत दूर (Far away from each other)
- ✗ C. एक के ऊपर एक (One above the other)
- ✗ D. कसकर भरा हुआ (Tightly packed)

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा जीव द्विविखंडन (binary fission) विधि द्वारा प्रजनन करता है?

**Ans**
- ✗ A. नीम का पौधा
- ✗ B. गुलाब का पौधा
- ✓ C. लीशमैनिया
- ✗ D. तितली

**Q.21** गोली चलाने पर बंदूक पीछे की ओर धक्का देती है। बंदूक की पश्च गति का कारण क्या है?

**Ans**
- ✗ A. बंदूक पर कार्यरत गुरुत्वाकर्षण
- ✓ B. बंदूक पर गोली का प्रतिक्रिया बल
- ✗ C. वायु प्रतिरोध
- ✗ D. बंदूक और व्यक्ति के बीच घर्षण

**Q.22** एक कार 50 km $h^{-1}$ की औसत चाल से 100 km की यात्रा करती है और तुरंत उसी मार्ग से 1 घंटे में दूरी तय करके वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए कार की औसत चाल m $s^{-1}$ में कितनी है?

**Ans**

- ✗ A. 16.67 m s−1
- ✗ B. 13.9 m s−1
- ✓ C. 18.52 m s−1
- ✗ D. 20.0 m s−1

**Q.23** धातुओं के संक्षारण को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि प्रभावी नहीं है?

**Ans**

- ✗ A. पेंटिंग
- ✗ B. गैल्वनीकरण
- ✗ C. उत्सर्गी ऐनोड लगाना
- ✓ D. नमी के संपर्क में आना

**Q.24** नीचे दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

कथन I: जिंक कॉपर सल्फेट विलयन से कॉपर को विस्थापित करता है, लेकिन कॉपर, जिंक सल्फेट विलयन से जिंक को विस्थापित नहीं कर सकता।
कथन II: अभिक्रियाशीलता श्रेणी में जिंक, कॉपर से अधिक अभिक्रियाशील है।

**Ans**

- ✓ A. दोनों कथन सही हैं, तथा कथन II कथन I की सही व्याख्या करता है।
- ✗ B. केवल कथन II सही है।
- ✗ C. केवल कथन I सही है।
- ✗ D. दोनों कथन सही हैं, लेकिन कथन II कथन I की व्याख्या नहीं करता है।

**Q.25** एक अवतल लेंस किसी वस्तु के आकार का एक-तिहाई प्रतिबिंब बनाता है। यदि फोकस दूरी 12 cm है, तो वस्तु की दूरी कितनी होगी?

**Ans**

- ✗ A. 18 cm
- ✗ B. 12 cm
- ✓ C. 24 cm
- ✗ D. 36 cm

## Section : Mathematics

**Q.26** 43 विद्यार्थियों की एक कक्षा ने भौतिकी की परीक्षा दी। 10 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 99 था। अन्य विद्यार्थियों का औसत स्कोर 55 था। पूरी कक्षा का औसत स्कोर (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) कितना है?

**Ans**

- ✗ A. 66.8
- ✗ B. 67.5
- ✓ C. 65.2
- ✗ D. 74.8

**Q.27** R, ₹2 और ₹5 के सिक्कों से ₹20 का भुगतान करता है। यदि भुगतान में प्रत्येक मूल्यवर्ग का कम से कम एक सिक्का इस्तेमाल किया जाता है, तो इस्तेमाल किए गए ₹2 के सिक्कों की संख्या _____ है।

**Ans**

- ✓ A. 5
- ✗ B. 4
- ✗ C. 10
- ✗ D. 8

**Q.28** एक समद्विबाहु त्रिभुज की दो बराबर भुजाओं में से प्रत्येक की लंबाई 78 cm है और इसके आधार की लंबाई 60 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✓ A. 2160
- ✗ B. 2175
- ✗ C. 2158
- ✗ D. 2165

Q.29 रमन की आय ₹25,000 है। वह अपनी आय के 25.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 20% और व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____________होगी।

Ans
✔ A. ₹2,450 की कमी
✘ B. ₹2,453 की वृद्धि
✘ C. ₹2,446 की वृद्धि
✘ D. ₹2,452 की कमी

Q.30 ₹3,500 की राशि पर साधारण ब्याज कितना होगा, यदि पहले 6 वर्षों के लिए ब्याज दर 8% वार्षिक है और अंतिम 3 वर्षों के लिए 3% वार्षिक है?

Ans
✘ A. ₹1,955
✘ B. ₹2,025
✔ C. ₹1,995
✘ D. ₹2,015

Q.31 एक त्रिभुज की भुजाएं 102 cm, 154 cm और 80 cm हैं। 154 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई (cm में) कितनी होगी?

Ans
✘ A. 94
✘ B. 3
✘ C. 15
✔ D. 48

Q.32 एक चतुर्भुज के शीर्ष A(2,3), B(5,7), C(10,6) और D(7,2) हैं। चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 28 वर्ग इकाई
✔ B. 23 वर्ग इकाई
✘ C. 20 वर्ग इकाई
✘ D. 25 वर्ग इकाई

Q.33 निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

| अंक | 4-8 | 8-12 | 12-16 | 16-20 | 20-24 | 24-28 | 28-32 | 32-36 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 9 | 12 | 18 | 34 | 26 | 20 | 12 | 7 |

Ans
✘ A. 20.67
✘ B. 24.67
✘ C. 22.67
✔ D. 18.67

Q.34 सीमा ने एक माइक्रोवेव ओवन ₹7,500 में खरीदा और उसे ₹8,750 में बेच दिया। सीमा का लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✘ A. 14.23%
✔ B. 16.67%
✘ C. 18.67%
✘ D. 16.33%

Q.35 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$(2x^3y^5z) \times (5xy^6z^2) \div (15x^2yz^2)$

Ans

✗ A. $\frac{2x^2y^{10}z}{5}$

✗ B. $\frac{x^2y^5z^2}{2}$

✗ C. $\frac{x^2y^{10}z}{3}$

✓ D. $\frac{2x^2y^{10}z}{3}$

Q.36 यदि एक संख्या के $\frac{5}{9}$ का 40% का 30%, 704 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 10,560

✗ B. 10,960

✗ C. 10,540

✗ D. 13,420

Q.37 लेमन चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी चॉकलेट की इकाई कीमतों का अनुपात 28 : 26 है और एक परिवार इनका उपभोग मात्रा के आधार पर 15 : 14 के अनुपात में करता है। स्ट्रॉबेरी चॉकलेट पर व्यय और लेमन चॉकलेट पर व्यय का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 13 : 15

✗ B. 12 : 21

✗ C. 10 : 21

✗ D. 15 : 17

Q.38 2 पुरुष या 9 महिलाएं किसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 2 पुरुष 5 दिन कार्य करके चले जाते हैं। शेष कार्य को 9 दिनों में पूरा करने के लिए आवश्यक महिलाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 3

✗ B. 7

✗ C. 6

✓ D. 4

Q.39 एक रेलगाड़ी रेलवे ट्रैक पर चल रहे दो व्यक्तियों को ओवरटेक करती है। पहला व्यक्ति 5.4 km/hr की चाल से चल रहा है। दूसरा व्यक्ति 18 km/hr की चाल से चल रहा है। रेलगाड़ी को उन्हें ओवरटेक करने में क्रमशः 30 और 44 सेकंड लगते हैं। यदि दोनों व्यक्ति रेलगाड़ी की दिशा में ही चल रहे हैं, तो रेलगाड़ी की चाल कितनी है?

Ans

✓ A. 45 km/hr

✗ B. 49 km/hr

✗ C. 38 km/hr

✗ D. 37 km/hr

Q.40 ज़मीन के एक बिंदु से एक मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण θ इस प्रकार है कि tanθ = 3/4 है। कोण θ की ज्या (sine) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{4}{5}$

✗ B. $\frac{3}{4}$

✗ C. $\frac{5}{3}$

✓ D. $\frac{3}{5}$

Q.41 एक पाइप एक टैंक को 6 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 12 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 9
- ✗ B. 6
- ✗ C. 12
- ✓ D. 3

Q.42 $\frac{1}{20}$, $\frac{2}{50}$ का कितना प्रतिशत है?

Ans
- ✗ A. 140%
- ✗ B. 135%
- ✓ C. 125%
- ✗ D. 250%

Q.43 1,200 सैनिकों की एक फौज के पास 12 दिनों का रसद है। यदि फौज में सैनिकों की संख्या बढ़कर 1,800 कर दी जाए, तो रसद कितने दिनों तक चलेगी?

Ans
- ✗ A. 9
- ✗ B. 10
- ✓ C. 8
- ✗ D. 7

Q.44 यदि ₹758 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को ₹256 में बेचा जाता है, तो छूट प्रतिशत कितना होगा? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans
- ✗ A. 68.31%
- ✗ B. 68.94%
- ✓ C. 66.23%
- ✗ D. 68.01%

Q.45 एक वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 51% अधिक निर्धारित किया गया है। यदि व्यापारी उस वस्तु को अंकित मूल्य से 8% कम पर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत (दशमलव के 1 स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 42.9%
- ✓ B. 38.9%
- ✗ C. 42.4%
- ✗ D. 36.8%

Q.46 जॉन और जेम्स की आयु का अनुपात 8 वर्ष बाद 8 : 7 होगा। यदि उनकी आयु के बीच का अंतर 5 वर्ष है, तो जेम्स की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 35 वर्ष
- ✓ B. 27 वर्ष
- ✗ C. 32 वर्ष
- ✗ D. 28 वर्ष

Q.47 तीन संख्याओं का योग 4512 है। यदि पहली और दूसरी संख्या के बीच अनुपात 16 : 9 है तथा दूसरी और तीसरी संख्या के बीच अनुपात 15 : 21 है, तो पहली और तीसरी संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 398
- ✗ B. 389
- ✓ C. 408
- ✗ D. 480

**Q.48** 1195 m-लंबी रेलगाड़ी 23m/s की चाल से चल रही है। यदि उसे एक सुरंग पार करने में 72 सेकंड लगते हैं, तो सुरंग की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 452 m
- ✓ B. 461 m
- ✗ C. 462 m
- ✗ D. 454 m

**Q.49** 440 और 452 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएं हैं।

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✗ B. 0
- ✓ C. 2
- ✗ D. 1

**Q.50** यदि X – Y = 20 और XY = 12 है, तो $X^2 + Y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 424
- ✗ B. 426
- ✗ C. 422
- ✗ D. 420

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 + 36 ÷ 36 × 24 – 50 = ?

**Ans**
- ✗ A. 42
- ✗ B. 45
- ✓ C. 44
- ✗ D. 46

**Q.52** एक निश्चित कूट भाषा में, 'OVAL' को '2635' और 'LAVE' को '5762' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✓ A. 7
- ✗ B. 6
- ✗ C. 5
- ✗ D. 2

**Q.53** श्रीमान Z, बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और उत्तर दिशा में 14 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, और 19 km गाड़ी चलाते हैं, फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 30 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 21 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वह बाएं मुड़ते हैं, और 16 km गाड़ी चलाकर बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ A. 1 km, दक्षिण में
- ✗ B. 3 km, पूर्व में
- ✓ C. 2 km, पश्चिम में
- ✗ D. 5 km, उत्तर में

**Q.54** यदि संख्या 47315628 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✓ D. चार

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क का अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।<br><br>**TIPS - PTIS - SPIT**<br>**LOST - SLOT - TSOL** | |
| Ans | ✗ A. FROM - OFRM - ROMF<br>✗ B. OATH - OTAH - HTAO<br>✗ C. BOND - OBND - DONB<br>✓ D. SPIN - ISPN - NIPS | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br><br>**OZJ81, QWN78, STR75, ?** | |
| Ans | ✗ A. VRV73<br>✗ B. VQW73<br>✓ C. UQV72<br>✗ D. URW72 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✓ A. RO−JJ<br>✗ B. HE−AX<br>✗ C. EB−XU<br>✗ D. YV−RO | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह युग्म है जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ A. UX-SW<br>✗ B. OR-MQ<br>✓ C. LO-JM<br>✗ D. RU-PT | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.59 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br><br>**HCK 29, KHH 42, NME 55, QRB 68, ?** | |
| Ans | ✗ A. UVY 81<br>✗ B. TXZ 81<br>✓ C. TWY 81<br>✗ D. SWX 83 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.60 | हिमेश बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 4 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 7 km गाड़ी चलाता है, दाएं मुड़ता है और 6 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।) | |
| Ans | ✓ A. उत्तर की ओर 7 km<br>✗ B. पश्चिम की ओर 7 km<br>✗ C. पूर्व की ओर 11 km<br>✗ D. उत्तर की ओर 4 km | |

**Q.61** एक निश्चित कूट भाषा में,

'A ? B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A = B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की माँ है' और
'A √ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'C @ D ? E √ F = L' है तो C, L से किस प्रकार संबंधित है?

**Ans**
- ✗ A. पत्नी
- ✗ B. माता
- ✗ C. पत्नी की बहन
- ✓ D. पत्नी की माता

---

**Q.62** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
153 135 117 99 81 ?

**Ans**
- ✗ A. 69
- ✗ B. 61
- ✓ C. 63
- ✗ D. 68

---

**Q.63** निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 1 8 3 3 1 5 4 8 5 1 4 4 9 5 9 6 8 7 3 5 3 6 6 9 (दाएं )

ऐसे कितने अंक हैं जिनके ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है तथा ठीक बाद में भी एक पूर्ण वर्ग है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है)

**Ans**
- ✓ A. चार
- ✗ B. पाँच
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

---

**Q.64** निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 1 9 1 1 5 4 2 2 9 4 3 9 3 7 1 1 6 7 3 2 2 2 7 4 6 7 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक सम संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✓ D. 2

---

**Q.65** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी गर्दनें, चेहरे हैं।
कुछ गर्दनें, भुजाएं हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी भुजाएँ, गर्दनें हैं।
(II): कुछ चेहरे, भुजाएँ हैं।

**Ans**
- ✗ A. केवल I अनुसरण करता है
- ✗ B. दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. कोई भी अनुसरण नहीं करता
- ✓ D. केवल II अनुसरण करता है

**Q.66** QN 3 का संबंध एक निश्चित तरीके से RJ −12 से है। उसी प्रकार, HE 7 का संबंध IA −8 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LI 11 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**

✗ A. MD −8

✗ B. LD −4

✗ C. LE −8

✓ D. ME −4

**Q.67** A, B, C, R, S, T और U, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के दाईं ओर से गिनने पर, B और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R के बाईं ओर से गिनने पर, T और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U के दाईं ओर से गिनने पर, B और U के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R के बाईं ओर से गिनने पर, C और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A के दाईं ओर से गिनने पर, A और U के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**

✓ A. T

✗ B. A

✗ C. C

✗ D. R

**Q.68** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(13, 39, 3)
(15, 75, 5)

**Ans**

✗ A. (5, 25, 15)

✗ B. (10, 35, 3)

✓ C. (12, 36, 3)

✗ D. (64, 8, 4)

**Q.69** सात बॉक्स M, N, O, P, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। S के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। R और S के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। R और Q के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। Q को S के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। N को Q के ठीक नीचे रखा गया है। M को O के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। P को R के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। किस बॉक्स को सबसे निचले स्थान पर रखा गया है?

**Ans**

✗ A. N

✗ B. S

✗ C. M

✓ D. O

**Q.70** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कुछ गेंद, मुर्गी हैं।
सभी वैन, मुर्गी हैं।

निष्कर्ष (I) : कुछ गेंद, वैन हैं।
निष्कर्ष (II) : सभी मुर्गी, वैन हैं।

**Ans**

✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

| | | |
|---|---|---|
| Q.71 | F, G, H, I, M, N और O एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर से गिनने पर, G और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H, I के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। O के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? | |
| Ans | ✗ A. G<br>✓ B. I<br>✗ C. F<br>✗ D. H | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.72 | निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला को देखें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय संख्याएँ हैं।<br><br>(बाएं) 1 # 2 3 Ω 9 % 4 7 8 & * £ 5 + @ 6 $ (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक संख्या है? | |
| Ans | ✗ A. 4<br>✓ B. 2<br>✗ C. 3<br>✗ D. 5 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.73 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'she play guiter' को 'so tn yw' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'play chess daily' को 'nj bg so' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'play' को कैसे कूटबद्ध किया गया है? | |
| Ans | ✗ A. tn<br>✗ B. bg<br>✓ C. so<br>✗ D. nj | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.74 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>24 35 47 60 ? 89 | |
| Ans | ✗ A. 70<br>✗ B. 66<br>✓ C. 74<br>✗ D. 72 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.75 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>20 27 13 34 ? 41 | |
| Ans | ✗ A. 8<br>✗ B. 4<br>✗ C. 10<br>✓ D. 6 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.76 | जॉन अपनी कक्षा में नीचे से 21वें स्थान पर और ऊपर से 33वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? | |
| Ans | ✗ A. 50<br>✗ B. 51<br>✗ C. 52<br>✓ D. 53 | |

Q.77 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F, और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D और F के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। G, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। G और A के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, C के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन E के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
A के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 2
- ✓ C. 3
- ✗ D. 4

Q.78 निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?

21 ÷ 5 − 25 + 180 × 3 = ?

Ans
- ✗ A. 72
- ✗ B. 74
- ✗ C. 75
- ✓ D. 70

Q.79 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क का अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

CAFE - CEAF - ECFA
ABLY - AYBL - YALB

Ans
- ✓ A. ECHO - EOCH - OEHC
- ✗ B. NEAR - NREA - ENAR
- ✗ C. KALE - KLAE - ELAK
- ✗ D. MAZE - AMZE - EAZM

Q.80 नीचे दी गई संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) £ $ 9 3 4 9 7 £ % & # 7 3 1 8 7 5 * @ 4 £ $ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 2
- ✗ D. 0

## Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022, __________ पर लागू करने के संबंध में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 को संशोधित करने का प्रयास करता है।

Ans
- ✗ A. आंध्र प्रदेश
- ✗ B. तमिलनाडु
- ✓ C. हिमाचल प्रदेश
- ✗ D. पंजाब

Q.82 निम्नलिखित में से किस देश ने राइफल/पिस्टल शूटिंग में 2025 ISSF विश्व कप की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. भारत
- ✗ B. पेरू
- ✓ C. जर्मनी
- ✗ D. मिस्र

**Q.83** येल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज कम्युनिकेशन एंड सीवोटर (Yale Program on Climate Change Communication and CVoter) द्वारा 5 दिसंबर 2024 से 18 फरवरी 2025 तक किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले 12 महीनों में कितने प्रतिशत भारतीयों ने गंभीर हीटवेव (heatwaves) को महसूस किया है?

**Ans**

✔ A. 71%

✘ B. 60%

✘ C. 52%

✘ D. 85%

**Q.84** मई 2025 में, किस संगठन ने खाद्य संकटों पर वैश्विक रिपोर्ट जारी की, जिसमें संघर्षों और जलवायु की चरम स्थितियों के बढ़ती भूख पर प्रकाश डाला गया?

**Ans**

✘ A. यूएन एनवायरनमेंट प्रोग्राम (UN Environment Programme)

✘ B. वर्ल्ड बैंक (World Bank)

✔ C. ग्लोबल नेटवर्क अगेंस्ट फूड क्राइसिस (Global Network Against Food Crises)

✘ D. फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन (Food and Agriculture Organization)

**Q.85** निम्नलिखित में से किस टीम ने नेशनल रिले कार्निवल 2025 में 4x100m रिले रिकॉर्ड स्थापित किया?

**Ans**

✘ A. अर्चना, धनलक्ष्मी, हिमा, दुती

✘ B. अर्चना, धनलक्ष्मी, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन

✘ C. अनस, जैकब, अजमल, रमेश

✔ D. गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन

**Q.86** जून 2025 तक, किसने प्रत्येक वर्ष खेलो इंडिया नॉर्थईस्ट गेम्स की मेजबानी करने के निर्णय की घोषणा की?

**Ans**

✘ A. गजेंद्र सिंह शेखावत

✘ B. नरेंद्र मोदी

✘ C. धर्मेंद्र प्रधान

✔ D. मनसुख मंडाविया

**Q.87** जून 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने कितनी ऋण राशि तक के गोल्ड लोन पर लोन-टु-वैल्यू (LTV) अनुपात को 75% से बढ़ाकर 85% कर दिया?

**Ans**

✔ A. ₹2.5 लाख

✘ B. ₹4.5 लाख

✘ C. ₹3.5 लाख

✘ D. ₹5.5 लाख

**Q.88** प्रगनानंदा (Praggnanandhaa) ने निम्नलिखित में से किसे हराकर भारतीय शतरंज खिलाड़ियों में नंबर 1 स्थान हासिल किया?

**Ans**

✔ A. नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (Nodirbek Abdusattorov)

✘ B. फैबियानो कारुआना (Fabiano Caruana)

✘ C. हिकारू नाकामुरा (Hikaru Nakamura)

✘ D. डी. गुकेश (D Gukesh)

**Q.89** मई 2025 में की गई घोषणा के अनुसार, भारत _______ के तहत एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में, अंतरिक्ष में मानव जीवन की स्थिरता का अध्ययन करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर अपना पहला जैविक प्रयोग करने जा रहा है।

**Ans**

✔ A. BioE3 जैव प्रौद्योगिकी नीति

✘ B. BioE5 जैव प्रौद्योगिकी नीति

✘ C. BioE9 जैव प्रौद्योगिकी नीति

✘ D. BioE7 जैव प्रौद्योगिकी नीति

**Q.90** डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स (DPDP) अधिनियम के जनवरी 2025 के मसौदा नियमों के अनुसार, किस आयु से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में शामिल होने के लिए माता-पिता की सहमति की आवश्यकता होगी?

**Ans**

- ✗ A. 20 वर्ष
- ✓ B. 18 वर्ष
- ✗ C. 15 वर्ष
- ✗ D. 16 वर्ष

**Q.91** जातिगत एवं पुलिस की बर्बरता जैसे विषयों को दर्शाने वाली किस फिल्म को इंडियाज ऑस्कर एंट्री (India's Oscar entry) के रूप में शॉर्टलिस्ट किया गया था, लेकिन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने इस फिल्म को भारत में प्रतिबंधित कर दिया?

**Ans**

- ✗ A. भूल चूक माफ (Bhool Chuk Maaf)
- ✗ B. डकैत (Dacoit)
- ✓ C. संतोष (Santosh)
- ✗ D. छावा (Chhaava)

**Q.92** मार्च 2025 में, भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन ब्रह्मा (Brahma) का उद्देश्य क्या था?

**Ans**

- ✗ A. सुनामी राहत
- ✗ B. युद्ध प्रत्यर्पण
- ✓ C. भूकंप राहत
- ✗ D. सैन्य अभ्यास

**Q.93** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उद्घाटन किया गया 'पर्यावरण - 2025' से संबंधित राष्ट्रीय सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया गया था?

**Ans**

- ✗ A. हैदराबाद
- ✗ B. मुंबई
- ✗ C. बेंगलुरु
- ✓ D. नई दिल्ली

**Q.94** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने किस वर्ष को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया?

**Ans**

- ✗ A. 2026
- ✗ B. 2024
- ✗ C. 2023
- ✓ D. 2025

**Q.95** भारत न्याय रिपोर्ट, 2025 के अनुसार (जो न्याय प्रदान करने में भारतीय राज्यों की क्षमता और प्रदर्शन का व्यापक मूल्यांकन प्रस्तुत करती है) निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य छोटे राज्यों में शीर्ष स्थान पर है?

**Ans**

- ✗ A. मणिपुर
- ✗ B. गोवा
- ✗ C. नागालैंड
- ✓ D. सिक्किम

**Q.96** अप्रैल 2025 में अधिसूचित किए गए अनुसार, जर्मनी के संग्रहालय ए. कोएनिग (A. Koenig) के सहयोग से भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा भारत के जैवविविधता-संपन्न क्षेत्रों से सेरिसिना स्कारब बीटल (Sericinae scarab beetle) की कितनी नई प्रजातियों की खोज की गई?

**Ans**

- ✗ A. 5
- ✗ B. 7
- ✓ C. 6
- ✗ D. 4

**Q.97** मई 2025 में, आईफोन (iPhone) निर्माता फॉक्सकॉन (Foxconn) ने भारत में कितनी राशि निवेश करने की घोषणा की?

**Ans**
- ✔ A. US$ 1.5 बिलियन
- ✘ B. US$ 4.2 बिलियन
- ✘ C. US$ 5.2 बिलियन
- ✘ D. US$ 3.5 बिलियन

**Q.98** आंगनवाड़ी-स्कूल सह-स्थानिक पर सितंबर 2025 के दिशानिर्देश बाल विकास के किस प्रमुख घटक पर जोर देते हैं?

**Ans**
- ✘ A. डिजिटल साक्षरता और कोडिंग कौशल
- ✘ B. सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य कवरेज
- ✔ C. प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा
- ✘ D. किशोरों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण

**Q.99** 3-5 नवंबर 2025 का C40 विश्व महापौर शिखर सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया गया?

**Ans**
- ✘ A. सियोल, दक्षिण कोरिया
- ✘ B. न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✘ C. लंदन, यूके
- ✔ D. रियो डी जनेरियो, ब्राजील

**Q.100** निम्नलिखित में से किस निकाय ने 2025 में 'अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के लिए UPI' पायलट (pilot) को लागू किया?

**Ans**
- ✘ A. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT)
- ✘ B. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)
- ✘ C. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)
- ✔ D. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI)

"